# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं रेखी फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

## चर्चा में क्यों?

12 दिसंबर, 2023 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में रेखी फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

## प्रमुख बिदु

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन हैप्पीनेस' की सफल स्थापना और कार्यप्रणाली राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी इस केंद्र को स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।
- कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हैप्पीनेस सेंटर स्थापित करने से शिक्षकों एवं छात्रों को अनुसंधान, प्रशिक्षण सहित शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा।
- रेखी फाउंडेशन के संकाय सदस्य विश्वविद्यालय, कॉलेज एवं संस्थान की फैकल्टी को वेल्यू एडेड कोर्सेज पढ़ाने के लिये ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षण में अपनी सेवाएँ देंगे।
- इसके अलावा, रेखी सेंटर ऑफ एक्सलिंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस कोर्स से संबंधित वेब पेज बनाया जाएगा तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में माइंड लैब भी स्थापित की जाएगी।
- विदित हो कि रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस वर्ष 2016 में डॉ. सतिंदर सिंह रेखी और उनकी पत्नी हरप्रीत रेखी द्वारा शुरू किया गया एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट है। इस फाउंडेशन का लक्ष्य विभिन्न विश्वविद्यालयों में खुशी केंद्रों की स्थापना के माध्यम से 'खुशी विज्ञान और सकारात्मक मनोविज्ञान' के अभ्यास और ज्ञान का विस्तार करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-signed-between-kurukshetra-university-s-rekhi-foundation